ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-04-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-04-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-04-14	2023-04-15	2023-04-16	2023-04-17	2023-04-18
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	37.0	38.0	38.0	39.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	15.0	16.0	16.0	17.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	65	65	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	10	10	12	12
पवन दिशा (डिग्री)	310	290	70	70	290
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	1	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (6 - 12 अप्रैल, 2023) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहने के साथ हल्के बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 30.5 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 12.6 से 14.4 डि0 से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 70 से 84 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 17 से 25 प्रतिशत एवं हवा 0.9 से 6.2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः उत्तर, पश्चिम दक्षिण पश्चिम और पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 36.0 से 39.0 व 14.0 से 17.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 11.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम और पश्चिम दक्षिण पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

शुष्क मौसम की स्थिति के कारण, 12 से 15 अप्रैल, 2023 तक तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, साथ ही उत्तराखंड में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री सेल्सियस अधिक हो जाएगा। नतीजतन, अधिकतम तापमान 15 -16 अप्रैल 2023 के आसपास मैदानी इलाकों में 37 -38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। 17 अप्रैल 2023 के बाद मौसम में फिर बदलाव का असर देखने को मिलेगा उत्तराखंड के अधिकांश सभी क्षेत्रों में गरज-चमक व तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है साथ ही तापमान में गिरावट होगी अतः किसान भाइयो को यह सलाह दी जाती है कि 17-18 अप्रैल 2023 तक अपनी परिपक्व फसलों की कटाई करके सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। किसान भाइयो को यह सलाह दी जाती है कि 17 अप्रैल 2023 तक अपनी परिपक्व फसलों की कटाई करके सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूँ की कटाई एवं मड़ाई का कार्य पूर्ण करें। भंडारण से पहले काटे गए अनाज को पर्याप्त रूप से सुखाना चाहिए।
गन्ना	अगर गेहूँ की कटाई के बाद विलम्ब से गन्ना की बुवाई करनी हो तो इसे अप्रैल माह में पूरा कर लें। बुवाई हेतु गन्ना के 1/3 से 1/2 ऊपरी हिस्सों को बीज में प्रयोग करें। बीजोपचार से पूर्व बीज को 24 घंटे पानी में भिगोंएगों । इससे जमाव में आशातील बढ़ोत्तरी होती है। बीज शोधन होतु 1 ग्राम कार्बेडाजिम 50 प्रतिशत को एक लीटर पानी की दर से घोल बनाए।
मसूर की दाल	दलहनी फसलों की कटाई फसल पकने के तुरंत बाद सुबह के समय करें अन्यथा दाने झड़ने से नुकसान होता है। भण्डारण से पूर्व दानों को अच्छी तरह से सुखा लें।
लहसुन	लहसुन की फसल इस माह के अन्त तक फसल तैयार हो जायगी। फसल काटने से 15 दिन पूर्व सिंचाई बन्द कर दें।
चारा मक्की	अप्रैल माह में पशुओं हेतु हरे चारे की कमी के समाधान हेतु इस समय बहु कटाई वाली ज्वार, लोबिया, मक्का, बाजरा आदि फसलों को चारे हेतु बुवाई करें। भरपूर उत्पादन हेतु ज्वार की बुवाई अप्रैल के दूसरे सप्ताह तथा बाजरा एवं लोबिया की बुवाई अप्रैल के अंत तक अवश्य पूरा कर लें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
कद्दू	कद्दू वर्गीय सब्जियो मे पत्ती धब्बा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव कर
अरबी	मैदानी, भाबर व तराई क्षेत्रों में, इस माह अरबी की अगेती किस्म की की बुवाई करें।
आम	गुम्मा रोग से ग्रस्त बौर को तोड़कर निकाल देना चाहिए। जब आम का फल मटर के दाने के बराबर हो जाय तो सिंचाई शुरू कर देनी चाहिए। थाले बनाकर 10-15 दिनों के अन्तराल पर दो-तीन सिंचाई करनी चाहिए।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज करें। इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूर पिलाये। गर्मी की लहरों से बचने के लिए उचित वेंटिवें लेशन प्रदान करें।
गाय	पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज करें। इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूर पिलाये। गर्मी की लहरों से बचने के लिए उचित वेंटिवें लेशन प्रदान करें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गियों के अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उनके आवास के तापमान का विशेष ध्यान रखें, उन्हें खाने के लिए सन्तुलित आहार दें तथा साफ-सुथरा एवं ताजा जल उपलब्ध करायें।